# कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी
# Krishi Vigyan Kendra, Bundi
**प्रसार शिक्षा निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा**
Directorate of Extension Education, Agriculture University, Kota
**पो.बॉक्स नं. 04, श्योपुरिया बावड़ी, बून्दी**
P.B. 04, Shyopuriya Baori, Bundi

डॉ. हरीश वर्मा
वरिष्ठ वैज्ञानिक
एवं अध्यक्ष

☎ : 7014601475
E-mail : kvkbundi@aukota.org
kvkbundiaukota@gmail.com


---

क्रमांक : केवीके / बून्दी / निविदा / 2025 / 171–176 दिनांक : 16.06.2025

## खुली निविदा सूचना संख्या – 01 / 2025–26

### प्रशिक्षणार्थियों के लिए नाश्ता एवं भोजन आपूर्ति हेतु

कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी द्वारा आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों एवं प्रसार गतिविधियों में प्रतिभागियों के लिये भोजन एव नाश्ता बनाने हेतु खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कृषि विज्ञान केन्द्र पर कार्यालय दिवस में दिनांक 16.06.2025 से उपलब्ध रहेगा जिसे 500/– रुपये नकद/ऑनलाईन/चेक द्वारा जमा करवा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र जमा करवाने की अन्तिम दिनांक व समय 26.06.2025 को दोपहर 11:00 बजे तक रहेगा। निविदा उसी दिन दोपहर 01:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। 01 जुलाई, 2025 से 30 जून, 2026 तक आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों में भोजन व नाश्ते पर अनुमानित खर्च 4.00 – 4.50 लाख रुपये है। आवेदन पत्र जमा करवाते समय धरोहर राशि 10,000 रुपये (अक्षरे दस हजार रूपये मात्र) डीडी/चेक द्वारा जमा करवानी होगी। निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in तथा विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://aukota.org से डाउनलोड कर भी प्राप्त की जा सकती है। यदि निविदाएँ उक्त वेबसाईट से डाउनलोड की है तो निविदा प्रपत्र शुल्क कार्यालय में नकद/ऑनलाईन/चेक द्वारा जमा कराकर रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत/प्रेषित है–

1. श्रीमान कुल सचिव, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
2. श्रीमान निदेशक प्रसार शिक्षा, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
3. श्रीमान वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
4. नोडल अधिकारी, वेबसाईट, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
5. नोटिस बोर्ड, कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**

# कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी (राज0)
# (कृषि विश्वविद्यालय, कोटा)

**प्रशिक्षणार्थियों के लिए भोजन प्रबंध के लिए निविदा फॉर्म**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित खुली निविदा संख्या–01/2025–26 क्र.सं. /केवीके/बून्दी/निविदा/2025/171–176, दिनांक 16.06.2025 की भोजन व नाश्ता की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र के साथ प्रेषित मैन्यू के अनुसार अपनी दरें अंकित करें। जिसकी नियम एवं शर्ते निम्नलिखित हैं:–

| क्र.सं. | नियम एवं शर्तें |
|---|---|
| 1 | निविदादाता की धरोहर राशि रु. 10,000 (दस हजार रुपये) निविदा प्रपत्र के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी पर डी.डी. या चेक द्वारा जमा करानी होगी। निविदा बिना धरोहर राशि के स्वीकार नहीं होगी। असफल निविदादाताओं को धरोहर राशि निविदा के पूर्ण हो जाने पर लौटा दी जायेगी। सफल निविदादाता स्वीकृत कार्य आदेश करने से इंकार करते हैं या वह अपने प्रस्ताव से पीछे हटते है तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। |
| 2 | स्वीकृत निविदादाता को जमानत राशि रु. 20,000 (बीस हजार रुपये) जमा करानी होगी। विश्वविद्यालय में जमा धरोहर राशि व जमानत राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा। सफल निविदादाता के संदर्भ में धरोहर राशि को जमानत राशि में समायोजित कर दिया जायेगा तथा शेष राशि चेक/डी.डी., Programme Coordinator, Krishi Vigyan Kendra, Bundi को तीन दिन में जमा करवानी होगी। |
| 3 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म को वांछित संस्था में पंजीकृत होना चाहिए (प्रतिलिपि संलग्न करें) एवं उसके पास वांछित दस्तावेज यथा पेन/जी.एस.टी. नम्बर, जो भी आवश्यक हो, होना चाहिए (प्रतिलिपि संलग्न करें)। |
| 4 | निविदा आवेदन पत्र में किसी पार्टी द्वारा अलग से दी गई शर्ते व अलग दिये गए दस्तावेज मान्य नहीं होंगे। |
| 5 | निविदा प्रपत्र दिनांक 26.06.2025 को दोपहर 11:00 बजे तक जमा कराना आवश्यक है। उक्त समय पश्चात् निविदा प्रपत्र से संबंधित किसी भी प्रकार का पत्र नहीं लिया जायेगा। निविदाएं उसी दिन दोपहर 01:00 बजे निर्धारित कमेटी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। |
| 6 | निविदादाताओं के निविदा व प्रत्येक पृष्ठ पर पूर्ण हस्ताक्षर होने चाहिए। |
| 7 | भोजन पकाते समय जल व बिजली आपूर्ति केन्द्र द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी जिसके लिये प्रशिक्षण के दौरान पार्टी को प्रतिदिन 100 रुपये की दर से केन्द्र पर जमा कराने होंगे। |
| 8 | निविदादाताओं को रसोई गृह, भोजनशाला व सम्बन्धित क्षैत्र/वस्तु/सामग्री को व्यवस्थित व स्वच्छ स्थिति में रखना होगा एवं इसकी साफ–सफाई संबंधी खर्चा कार्यालय द्वारा वहन नहीं किया जायेगा। |
| 9 | पूर्ण भोजन व अन्य खाद्य पदार्थों को केन्द्र की भोजनशाला में ही तैयार करना होगा। |
| 10 | भोजन पकाने हेतु शुद्ध देशी घी एवं शुद्ध मूंगफली का तेल व अन्य/कच्चा सामान दूध इत्यादि एगमार्क ब्राण्ड/ उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए। इस उद्देश्य हेतु गठित समिति को यह अधिकार होगा कि वे कच्चे सामान की गुणवत्ता का समय–समय पर निरीक्षण करेंगे व सामान असंतोषजनक पाये जाने पर उस सामान को निरस्त कर सकेंगे। निरस्त सामान को समिति के सामने नष्ट करना होगा। इस हेतु कोई मुआवजा नहीं दिया जायेगा। |
| 11 | व्यक्ति जिसके नाम से निविदा खुली है उसे ही भोजनशाला चलानी होगी, निविदादाता किसी अन्य को अनुबंध पर हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा। |
| 12 | यदि भोजन की गुणवत्ता सम्बन्धी कोई भी शिकायत प्राप्त होगी तो निविदादाता को चेतावनी देकर |

| | |
|---|---|
| | भोजन की गुणवत्ता 24 घंटे में सुधारनें के लिये पाबंद किया जायेगा। इसके उपरान्त यदि भोजन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो 10 दिन का नोटिस देकर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, बून्दी इस ठेके को निरस्त कर सकेंगे। |
| 13 | भोजनशाला में किसी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। |
| 14 | निविदादाता को अवकाश के दिन भी आदेशानुसार भोजन व्यवस्था करनी होगी। |
| 15 | निविदादाता भोजन पकाने व परोसने हेतु आवश्यक संख्या में कर्मचारी नियुक्त करेगा तथा उनको शिष्टता का अनुसरण करना होगा साथ ही जहाँ आवश्यक हो तो केटरिंग की व्यवस्था भी करनी होगी जिसका अलग से कोई भुगतान देय नहीं होगा। भोजन खिलाते समय परोसने, जल आदि की व्यवस्था भी निविदादाता की होगी। केटरिंग कर्मचारियों के कपड़े साफ–सुथरे एवं नाखून व बाल कटे हुए होने चाहिए। |
| 16 | निविदादाता द्वारा वांछित पूर्ण जानकारी न दिये जाने पर निविदा को निरस्त किया जा सकता है या प्रपत्र में दिये गये विवरण व दिनांक पूर्णरुप से न भरे जाने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी। |
| 17 | निविदा व निविदा से संबंधी संलग्न दस्तावेजों पर हस्ताक्षरकर्ता यह स्पष्ट करें कि वह (स्त्री/पुरुष) व्यक्तिशः स्वामित्व या फर्म के भागीदार या संबंध प्रतिनिधि के रुप में प्रतिनिधित्व कर रहा है। |
| 18 | अनुबंध के किसी भी संबंध में कोई भी मतभेद होने पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, बून्दी द्वारा लिया निर्णय ही अंतिम माना जायेगा। |
| 19 | वह व्यक्ति जो निविदा व संबंधित प्रपत्रों पर किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में हस्ताक्षर करता है तो वह अधिकार पत्र संलग्न करना होगा। |
| 20 | सफल निविदादाता द्वारा अनुबंध की शर्तों एवं नियमों का पालन नही करने पर जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। |
| 21 | निविदा की स्वीकृति की तिथि के पश्चात सफल निविदादाता को 30 जून 2026 तक या अगला ठेका होने तक, के लिए इन्हीं दरों पर कार्य करना होगा। |
| 22 | निविदा प्रपत्र के अनुसार निविदादाता को संलग्न मैन्यू के अनुसार अनुमोदित दर पर भोजन/नाश्ता की आपूर्ति करनी होगी। |
| 23 | दरें प्रति नाश्ता एवं प्रति डाईट (एक समय) रुपये में देवें। |
| 24 | नाश्ता पेपर प्लेट में व भोजन पत्तल दोने में देना होगा। |
| 25 | अनुबंध के सफलतापूर्वक समाप्ति के पश्चात् ही जमानत राशि लौटाई जायेगी। |
| 26 | किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्यायक्षेत्र बून्दी होगा। |
| 27 | वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष को यह अधिकार होगा की वह किसी भी या सभी निविदाओं को बिना किसी कारण बतायें निरस्त कर सकते हैं। |
| 28 | महिला प्रशिक्षणार्थी के साथ आने वाले छोटे बच्चे को भी भोजन देना होगा जिसका कोई अलग चार्ज नहीं होगा। |
| 29 | प्रति प्रशिक्षण 15 – 50 प्रशिक्षणार्थी होंगे। इससे कम संख्या होने पर प्रशिक्षण निरस्त करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष के पास सुरक्षित रहेगा। |
| 30 | प्रत्येक व्यक्ति को भोजन भरपेट खिलाना होगा। |
| 31 | निविदादाता फर्म के पास अधिकृत फूड लाईसेंस होना अनिवार्य है। (प्रतिलिपि संलग्न करें) |
| 32 | कार्यालय के आदेशानुसार प्रशिक्षण या अन्य गतिविधियों पूर्व दिए गए मैन्यू के अनुसार नाश्ता व भोजन में प्रतिभागियों को उपलब्ध करवाना होगा। चाय, नाश्ता व भोजन के पश्चात् उपयोग में लिये गये कप–प्लेट व थाली आदि को उठाकर उचित जगह पर निस्तारण करना होगा एवं कचरा–पात्र को खाली कर साफ सुथरा रखना होगा। |

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

**ठेका प्रपत्र**
**वित्त निविदा**

सेवा में,
श्रीमान् वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी।

द्वारा–

संदर्भ :– खुली निविदा सूचना क्र.सं. / केवीके / बून्दी / निविदा / 2025 / 171–176, दिनांक 16.06.2025

निविदादाता का पूरा नाम..........................................................................................................................
आवासीय पता.........................................................................................................................................
दूरभाष नम्बर.........................................................................................................................................
मोबाईल नम्बर.......................................................................................................................................

महोदय,

मैं / हम कृषि विज्ञान केन्द्र, बून्दी की भोजन व्यवस्था अनुबंध से संबंधित सभी सामान्य सूचनाएँ, अन्य नियम व शर्ते पढ़ चुका हूँ / चुके हैं व मैं / हम अपनी सेवाएँ संलग्न सूची व निविदा शर्तों के अनुसार अपनी सहमति प्रदान करता हूँ / करते हैं।

मैं / हम अनुबंध करने के नियम व शर्तों को समझ चुका हूँ / चुके हैं व मैं / हम आपकी जरुरत के अनुरुप उत्तम सेवाएँ दूंगा / देंगे।

इस निविदा के संबंध में निम्न पत्र..................................से.................................तक संलग्न किये जा रहे है। इस निविदा हेतु मेरे / हमारे द्वारा संलग्न किये गये सभी प्रपत्रों पर हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर अंकित है।

मैं / हम भोजन व्यवस्था (भोजन पकाने एवं परोसने की सेवा, बर्तनों एवं अन्य सुविधाएँ) प्रदान की जायेगी, उसके लिये मैं / हम जमानत राशि के रुप में (एक वर्ष के लिये) रुपये 20000 (बीस हजार रुपये) मात्र जमा कराने के लिये सहमत हूँ / हैं।

**साक्षी का नाम, पता व हस्ताक्षर**
**दिनांक सहित**

**निविदादाता के हस्ताक्षर व मोहर**
**पता (सभी तरह से पूर्ण)**

## प्रशिक्षण कार्यक्रमों में दिये जाने वाले भोजन का मैन्यू एवं दर

निविदा संख्या क्र.सं. / केवीके / बून्दी / निविदा / 2025 / 171–176 दिनांक 16.06.2025

| प्रकार | भोजन मैन्यू विवरण | दर प्रति व्यक्ति (रु.) |
|---|---|---|
| नाश्ता | (1) पैकिट नाश्ता (बिस्कुट 100 ग्राम व नमकीन 50 ग्राम) | |
| | (2)चाय फुल (150 मि.ली.) | |
| | (3) समोसा – 1 / कचौरी – 1 / पोहा एक प्लेट | |
| | (4) एक चाय फुल (150 मि.ली.) एवं 4 बिस्किट | |
| | (5) समोसा – 1 / कचौरी – 1 / एक मौसमी फल एवं चाय फुल (50 मि.ली.) | |
| | (6) समोसा – 1 / कचौरी – 1 + 1 मिठाई पीस एवं चाय (100 मि.ली.) | |
| | (7) चाय – 3 + समोसा – 1 + फल (मौसम के अनुसार) – 1 + बिस्किट – 2 | |
| | (8) चाय – 3 + ब्रेड पकोड़ा / आलू बड़ा / खमण – 1 + फल (मौसम के अनुसार)– 1 + बिस्किट – 2 | |
| भोजन | (1) पुड़ी / चपाती चुपड़ी + सब्जी + सलाद | |
| | (2) पुड़ी / चपाती चुपड़ी + सब्जी + दाल + नमकीन (50 ग्राम) | |
| | (3) पुड़ी / चपाती +आलू सब्जी+ नमकीन+ नुक्ती / खीर | |
| | (4) पुड़ी / चपाती चुपड़ी + चावल / खिचड़ी / पुलाव + अचार + सब्जी एक + सलाद + दाल + रायता बूँदी + मिठाई एक पीस + पापड़ | |
| | (5) पुड़ी + चपाती चुपड़ी + चावल / पुलाव / खिचड़ी + अचार– (मिक्स / केरी / मिर्च / नींबू / अन्य कोई) + मिठाई – (गुलाबजामुन / श्रीखंड / रसगुल्ला / खीर / बर्फी / हलवा) प्रत्येक 80 ग्राम, खीर (भरपेट) के अतिरिक्त + दाल– (उड़द / मूंग / मसूर / चना / तूअर / मिक्स) + सब्जी – कोई दो (पालक पनीर / मटर पनीर / कडाई पनीर / मिक्स मौसम के अनुसार यथा लोकी / तुरई / ककड़ी / टमाटर / प्याज / काचरी / ग्वार फली / मटर / फूल गोभी / पत्ता गोभी / गाजर / भिन्डी, अन्य) + रायता (बूंदी रायता / ककड़ी रायता / लोकी रायता / मीठा रायता) + सलाद + पापड़ + नमकीन (50 ग्राम)+ आईसक्रीम | |
| | (6) दाल– (उड़द / मूंग / मसूर / चना / तूअर / मिक्स) + बाटी + लड्डु देशी घी + रायता(बूंदी) + पापड़ | |
| | (7) दाल– (उड़द / मूंग / मसूर / चना / तूअर / मिक्स) + कत बाटी (बाफला) + लड्डू (देशी घी) + कड़ी / बेसन गट्टा + चावल (सादा / खिचड़ी / पुलाव ) + सलाद + रायता (बूंदी रायता / ककड़ी रायता / लोकी रायता / मीठा रायता) + पापड़ | |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र मैं अपने खुले दिमाग व होश–हवाश से दरें भर कर दे रहा हूँ। निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न शर्तें एवं नियम मुझे स्वीकार हैं तथा मैन्यू के अनुसार नाश्ता व भोजन देने के लिए मैं पाबन्द रहूंगा।

हस्ताक्षर निविदादाता
फर्म के रबर स्टाम्प सहित